विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य उस कालखंड के दर्द को महसूस करना और उसके पीछे के कारणों को तलाशते हुए भविष्य में ऐसी किसी भी परिस्थिति से बचाव की दिशा में अग्रसर होना है। कुलपति ने कहा कि उस बंटवारे में लाखों लोगों ने अपनी जान गवाई और सैंकड़ों ऐसे थे जिन्हें रातों-रात अपना सबकुछ छोड़कर विस्थापित होना पड़ा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. वक्ता

कार्यक्रम में विषय परिचय राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. राजीव कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि अतिथियों का स्वागत विभाग के प्रो. शांतेश कुमार सिंह ने किया। आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. संगीत रागी ने विभाजन के कारणों और उसमें विभिन्न दलों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि यह विभाजन पूरी तरह से धर्म आधारित विभाजन कहा जा सकता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय द्वारा अलग देश बनाया गया। इससे पूर्व में बीएचयू के प्रो. अशोक कुमार कौल ने कहा कि विभाजन इतिहास का वह महत्वपूर्ण अध्याय है जोकि सदैव दर्द के साथ याद किया जाएगा। आयोजन में विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह विषय बेहद महत्वपूर्ण है और जिस तरह से विशेषज्ञों ने अपना मत प्रस्तुत किया है उससे प्रतिभागियों के समक्ष स्थितियां और भी स्पष्ट हो गई हैं। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य सही मायने में इस बंटवारे के कारणों को जानने-समझने और भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति न होने देना है। कार्यक्रम के अंत में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. रमेश कुमार ने आभार जताया। आयोजन में मंच का संचालन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहायक आचार्य डा. अभिरंजन कुमार ने किया।

असहनीय है विभाजन का दर्द : प्रो. टंकेश्वर कुमार

महेंद्रगढ़ ,14 अगस्त (हप्र)

महेंद्रगढ़ में विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर आयोजित सेमिनार में मौजूद वक्ता।-हप्र

विभाजन का दर्द उन लोगों के लिए सदैव ही असहनीय है जो कहीं न कहीं इससे जुड़ें हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आाजाद हुआ और इसी के साथ इसने विभाजन का वह दर्द झेला जोकि असहनीय है। आज हम विभाजन की जिन तस्वीरों को देखते हैं, इनमें दिखने वाला मंजर बेहद भयावह नजर आता है और हालात उससे कई गुणा अधिक वीभत्स थे। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सोमवार को विश्वविद्यालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संगीत रागी व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एमरिटस प्रो. अशोक कुमार कौल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विषय परिचय राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. राजीव कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि अतिथियों का स्वागत विभाग के प्रो. शांतेश कुमार सिंह ने किया।

आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. संगीत रागी ने विभाजन के कारणों और उसमें विभिन्न दलों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। बीएचयू के प्रो. अशोक कुमार कौल ने कहा कि विभाजन इतिहास का वह महत्त्वपूर्ण अध्याय है जो सदैव दर्द के साथ याद किया जाएगा।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 15 August 2023
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/73206534

असहनीय विभाजन की पीड़ाः प्रो. टंकेश्वर कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विभाजन का दर्द उन लोगों के लिए सदैव ही असहनीय है जो कहीं न कहीं इससे जुड़ें हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और इसी के साथ इसने विभाजन का वह दर्द झेला जोकि असहनीय है। आज हम विभाजन की जिन तस्वीरों को देखते हैं, इनमें दिखने वाला मंजर बेहद भयावह नजर आता है और हालात उससे कई गुणा अधिक वीभत्स थे। आज के दिन इस दर्द को याद करने के पीछे की एक ही वजह है कि ऐसे समय की कभी भी पुनरावृत्ति ना हो। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सोमवार को विश्वविद्यालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। डीयू से प्रो. संगीत रागी व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एमरिटस प्रो. अशोक कुमार कौल उपस्थित रहे।

महेंद्रगढ़। विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर आयोजित सेमिनार के बाद का समूह चित्र। *फोटो: हरिभूमि*

कार्यक्रम में विषय परिचय राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. राजीव कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया जबकि अतिथियों का स्वागत विभाग के प्रो. शांतेश कुमार सिंह ने किया।

आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. संगीत रागी ने विभाजन के कारणों और उसमें विभिन्न दलों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि यह विभाजन पूरी तरह से रिलिजन आधारित विभाजन कहा जा सकता है, जिसमें मुस्लिम समुदाय द्वारा अलग देश बनाया गया। प्रो. रागी ने उस दौर में विभिन्न प्रतिष्ठित हस्तियों से जुड़ें विचारों को भी प्रस्तुत किया और उनकी भूमिका से अवगत कराया। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि यह विषय बेहद महत्वपूर्ण है और जिस तरह से विशेषज्ञों ने अपना मत प्रस्तुत किया है उससे प्रतिभागियों के समक्ष स्थितियां और भी स्पष्ट हो गई हैं। कार्यक्रम के अंत में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

असहनीय है विभाजन का दर्दः प्रो. टंकेश्वर कुमार

विभाजन की विभिषिका स्मृति दिवस पर आयोजित सैमिनार के बाद का समूह चित्र।

महेंद्रगढ़, 14 अगस्त (परमजीत, मोहन): विभाजन का दर्द उन लोगों के लिए सदैव ही असहनीय है जो कहीं न कहीं इससे जुड़े हैं। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ और इसी के साथ इसने विभाजन का वह दर्द झेला जोकि असहनीय है। आज हम विभाजन की जिन तस्वीरों को देखते हैं, इनमें दिखने वाला मंजर बेहद भयावह नजर आता है और हालात उससे कई गुणा अधिक वीभत्स थे। आज के दिन इस दर्द को याद करने के पीछे की एक ही वजह है कि ऐसे समय की कभी भी पुनरावृत्ति न हो। यह विचार हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सोमवार को विश्वविद्यालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सैमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संगीत रागी व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एमरिटस प्रो. अशोक कुमार कौल उपस्थित रहे।

हकेंवि में कुलपति ने वीर जवानों को दी सलामी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में स्वतंत्रता दिवस पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक भवन के सामने तिरंगा झंडा फहराया। कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर वीर जवानों को सलामी दी।

हकेवि में अधिसंख्य सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत अधिसंख्य (सुपर्नूमरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त 2023 तक चलेगी। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद 21 अगस्त 2023 से दाखिले शुरू होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नियमों को देखते हुए अधिसंख्य कोटे की सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया अवश्य ही इसके पात्र आवेदकों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगी।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों व विधवाओं, कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों व कश्मीर घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों (गैर-प्रवासी), जाट व पाली गांवों के प्रमाणित नागरिकों तथा कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता को खो देने वाले पात्र बच्चों के लिए अधिसंख्य (सुपर्नूमरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त तक चलेगी। पंजीकरण के बाद 21 अगस्त से दाखिले शुरू होंगे। विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cuh.ac.in अथवा संबंधित विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

हकेंवि के शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी प्रस्तुतियों से बांधा समां

महेंद्रगढ़ | हकेंवि, महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ। 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक भवन के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस समारोह में स्वागत भाषण छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांधा।

देश की शक्ति को भी दर्शाता है स्वतंत्रता दिवस : प्रो. टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की एकता और अखंडता को भी दर्शाता है। वह स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण करने के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की शक्ति को भी दर्शाता है कि कैसे हम सब एक थे, एक हैं और एक रहकर देश को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हमारा देश आज विकास की नई राह पर अग्रसर है और हर दिन एक नया अध्याय इसकी प्रगति में जुड़ रहा है। आज रक्षा, विज्ञान, तकनीकी, खेल, शिक्षा हर मोर्चे पर हम सशक्त हैं और आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुलपति ने बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

आपसी सहभागिता के साथ विश्वविद्यालय निरंतर विभिन्न महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर रहा है। बीते साल में आठ एमओयू हुए।

इस असर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित समारोह में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने सभी का स्वागत किया। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पूर्व सैनिकों के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कुलपति को सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, गैर शिक्षक कर्मचारी व उनके स्वतन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण करते कुलपति प्रो . टंकेश्वर और अन्य अतिथि●

सुपरन्यूमरेरी सीटों पर दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत अधिसंख्य (सुपरन्यूमरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त 2023 तक चलेगी। ऑनलाइन पंजीकरण के बाद 21 अगस्त 2023 से दाखिले शुरू होंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि ये दाखिले सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों व विधवाओं, कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों व कश्मीर घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों (गैर-प्रवासी) के बच्चों, जाट व पाली गांवों के प्रमाणित नागरिकों तथा कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता को खो देने वाले पात्र बच्चों के लिए अधिसंख्य (सुपरन्यूमरेरी) कोटा सीटों पर किये जायेंगे।

दैनिक ट्रिब्यून Thu, 17 August 2023
https://epaper.dainiktrib

हकेंवि में कुलपति ने फहराया तिरंगा

महेंद्रगढ़, 16 अगस्त (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक भवन के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आज आजादी का पर्व मना रहे हैं। कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर वीर जवानों को सलामी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

दैनिक ट्रिब्यून Thu, 17 August 2023
https://epaper.dainiktribu

Celebration of 77th Independence was organized at CUH

Param Vashist
info@impressivetimes.com

MAHENDERGARH : Flag hoisting ceremony was organized on Tuesday on the auspicious occasion of Independence Day at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. On the occasion of 77th Independence Day, the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar started the program by unfurling the tricolor flag in front of the administrative building. Prof. Tankeshwar Kumar while congratulating the people present on Independence Day said that we are celebrating the festival of independence today. On this occasion, the Vice-Chancellor along with the participants of the University remembered the service, dedication and sacrifice of the Indian freedom fighters and the brave soldiers who guard the borders of the country. Earlier, the Vice-Chancellor saluted the brave soldiers at the Vidya Veerta Sthal located in the University. On this occasion, Pro-Vice-Chancellor of the University Prof. Sushma Yadav, the first lady of the University Prof. Sunita Srivastava and Registrar Prof. Sunil Kumar were also present. Prof. Tankeshwar Kumar said that today our country is marching on a new path of development and every day a new chapter is being added to its progress. Today, we are strong on every front in defence, science, technology, sports, education and are constantly striving towards becoming a self-reliant India. The success of Chandrayaan-3 mission is a direct proof that India is now capable of establishing a distinct identity among other developed nations on any front. The Vice-Chancellor informed the participants about the achievements of the University in the last one year. He congratulated all the participants on getting NAAC 'A' grade for the University. He said that new patents are continuously being obtained by the teachers of the University, which is the result of their efforts based on society useful research. The Vice-Chancellor said that with mutual participation the University is continuously signing various important MoUs. The Vice-Chancellor also mentioned about setting up of Malaviya Mission Training Program Center in the University. Welcome speech was given by the Dean Student Welfare Prof. Anand Sharma. On this occasion, the teachers and employees of the University graced the occasion through their presentations. Among these were Prof. Anand Sharma, Dr. Keshav Rawat, Dr. Neeraj Karan Singh, Rajesh Jangra, Bhagyashree, Radhika, Kaira Parmar, Kushansh, Animesh Chahal, Manvi etc. At the end of the program, Registrar Prof. Sunil Kumar presented the vote of thanks. The officials associated with the organization of local ex-servicemen present in the program expressed their gratitude to the Vice Chancellor by giving mementos. On this occasion, dean of various departments of the University, head of the departments, teachers, officers, non-teaching staff and their family members and local citizens were also present.

हकेंवि में सुपर्नूमरेरी सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

महेंद्रगढ़, 16 अगस्त (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतर्गत अधिसंख्य (सुपर्नूमरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभिन्न विभागों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में पंजीकरण की यह प्रक्रिया 18 अगस्त तक चलेगी।

ऑनलाइन पंजीकरण के बाद 21 अगस्त से दाखिले शुरु होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय नियमों को देखते हुए अधिसंख्य कोटे की सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया अवश्य ही इसके पात्र आवेदकों के लिए उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगी।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सशस्त्र बलकर्मियों के बच्चों व विधवाओं, कश्मीरी प्रवासियों और कश्मीरी पंडितों व कश्मीर घाटी में रहने वाले हिंदू परिवारों (गैर-प्रवासी) के बच्चों, जांट व पाली गांवों के प्रमाणित नागरिकों तथा कोविड-19 महामारी के कारण अपने माता-पिता को खो देने वाले पात्र बच्चों के लिए अधिसंख्य (सुपर्नूमरेरी) कोटा सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

हकेवि में बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

महेन्द्रगढ़, प्रताप सिंह शास्त्री हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में सहज महसूस कराना, दैनिक दिनचर्या निर्धारित करना, बैच के सदस्यों के साथ-साथ संकाय और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संबंध बनाना, कार्यक्रम की प्रकृति से परिचित कराना है। उन्होंने बीएड और एमएड में उपलब्ध करियर के अवसरों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सारिका शर्मा, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन और प्रमुख, शिक्षक शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में की गई थी। कार्यक्रम में पूरे संकाय, सहायक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नए और पुराने छात्र शामिल हुए। विभाग के प्रो. गौरव सिंह ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से प्रतिभागियों को का अवगत कराया।

हकेंवि में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया ध्वजारोहण

महेंद्रगढ़, 16 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को ध्वजारोहण समारोह का आयोजन हुआ।

77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रशासनिक भवन के सामने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम आज आजादी का पर्व मना रहे हैं।

कुलपति ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहभागियों के साथ भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों व देश की सीमा की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सेवा, समर्पण व त्याग को याद किया। इससे पूर्व कुलपति ने विश्वविद्यालय स्थित विद्या वीरता स्थल पर वीर जवानों को सलामी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे।

हकेंवि में ध्वजारोहण करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

इस अवसर पर कुलपति ने बीते एक वर्ष में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय को नैक 'ए' ग्रेड मिलने पर सभी सहभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लगातार नए पेटेंट हासिल किए जा रहे हैं, जो समाज उपयोगी शोध आधारित उनके प्रयासों का परिणाम है।

कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पूर्व सैनिकों के संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने कुलपति को स्मृति चिन्ह देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर हकेंवि में किया कार्यक्रम

कार्यक्रम में शामिल शिक्षक व अन्य। स्रोत : विवि

महेंद्रगढ़। राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं, जहां तक बात डॉ. एसआर रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एसआर रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी, दिल्ली से डॉ. टीआर मनु, आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

बीएड व एमएड के लिए इंडक्शन कार्यक्रम किया

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय(हकेंवि) के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडेक्शन कार्यक्रम किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत बीएड के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्कूल ऑफ एजुकेशन की

विद्यार्थियों को संबोधित करतीं प्रो. सारिका शर्मा। स्रोत : विवि

अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में सहज महसूस कराना, दैनिक दिनचर्या निर्धारित करना, बैच के सदस्यों के साथ-साथ संकाय और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संबंध बनाना, कार्यक्रम की प्रकृति से परिचित कराना है। उन्होंने बीएड और एमएड में उपलब्ध कॅरिअर के अवसरों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। बीएड कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी शैक्षणिक संस्थान के पहले हित धारक होते हैं। वे शिक्षण संस्थान की धुरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां निभाने के लिए तत्पर रहने का भी आह्वान किया।

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि में ऑनलाइन कार्यशाला करवाई

महेंद्रगढ़ | राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार् थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस.आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय

कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेवि कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

महेन्द्रगढ़। चेतना संवाददाता।

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व एतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पचात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी, दिल्ली से डॉ. टी.आर. मनु; आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से सुश्री प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसी क्रम में समाज की बेहतरी के लिए अनुसंधान: शोधकर्ताओं की भूमिका, जिम्मेदारियां एवं दृष्टिकोण विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने रिसर्च प्रकाशन व अनुसंधान परिणामों को प्रभावी ढंग से संवाद करने के तरीको पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, श्री नरेश कुमार और डॉ विनीता मलिक ने भी पैनल चर्चा के विषय पर अपने विचार साझा किए।

हकेवि में बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के नए वातावरण में सहज महसूस कराना, दैनिक दिनचर्या निर्धारित करना, बैच के सदस्यों के साथ-साथ संकाय और वरिष्ठ विद्यार्थियों के बीच संबंध बनाना, कार्यक्रम की प्रकृति से परिचित कराना है। उन्होंने बीएड और एमएड में उपलब्ध करियर के अवसरों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सारिका शर्मा, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन और प्रमुख, शिक्षक शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में की गई थी। कार्यक्रम में पूरे संकाय, सहायक कर्मचारी और बड़ी संख्या में नए और पुराने छात्र शामिल हुए। विभाग के प्रो. गौरव सिंह ने विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से प्रतिभागियों को का अवगत कराया। बी.एड. कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिनेश चहल ने कहा कि विद्यार्थी किसी भी शैक्षणिक संस्थान के पहले हितधारक होते हैं। वे शिक्षण संस्थान की धुरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां निभाने के लिए तत्पर रहने का भी आह्वान किया। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. नंदकिशोर ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में अपनाए जाने वाले अनुशासन के बारे में जानकारी दी।

हकेंवि में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर कार्यक्रम

महेंद्रगढ़, 17 अगस्त (हप्र)

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. एस.आर. रंगनाथन का पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान है।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पचात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्त्व पर अवगत कराया। उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

महेंद्रगढ़ स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद स्टाफ व अन्य । -हप्र

बीएड, एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

हकेंवि के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित बीएड व एमएड विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह इंडक्शन कार्यक्रम अवश्य ही नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराने में मद्दगार साबित होगा। कार्यक्रम की शुरुआत बी.एड. के संकायों और छात्र प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता एवं शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

दैनिक ट्रिब्यून Fri, 18 August 2023
https://epaper.dainiktribuneonline.com/c/73227481

विषय के व्यवहारिक पहलू जानने में मिलती है मदद

■ राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर हकेंवि में कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़। राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व एतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एसआर रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एसआर रंगनाथन के चित्र पर पुष्पार्पित करने के साथ हुई। तत्पचात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया। केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिल्ली से डॉ. टीआर मनु; आईआई बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विवि के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, नरेश कुमार और डॉ. विनीता मलिक ने भी पैनल चर्चा के विषय पर अपने विचार सांझा किए। मंजू फौगाट, अंग्रेजी विभाग से महानंदा बिस्वास, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से भावेश, मनोविज्ञान विभाग से दीपक कुमार ने पैनलिस्ट के रूप में प्रतिभागिता की और अपने विचार साझा किए।

पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. एस.आर. रंगनाथन योगदान अविस्मरणीय

■ राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हकेंवि कार्यक्रमों का आयोजन

राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का समूह चित्र। (मोहन)

महेंद्रगढ़, 17 अगस्त (मोहन, परमजीत): राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों-शोधार्थियों को विषय के व्यावहारिक व ऐतिहासिक पहलुओं को जानने में मददगार साबित होते हैं। जहां तक बात डॉ. एस.आर. रंगनाथन की है तो पुस्तकालय विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. एस.आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। तत्पश्चात विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने पुस्तकों, पठन-पाठन, पुस्तकालयों के महत्व पर अपने विचार से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। साथ ही उन्होंने पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं में उनके योगदान के लिए पुस्तकालय कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकालय में ई-टूल्स की भूमिका विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आई.आई.टी., दिल्ली से डॉ. टी.आर. मनु, आई.आई.टी. बैंगलोर से डॉ. नम्रता राय तथा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

समाज की बेहतरी के लिए अनुसंधानः शोधकर्त्ताओं की भूमिका, जिम्मेदारियां एवं दृष्टिकोण विषय पर की चर्चा

इसी क्रम में समाज की बेहतरी के लिए अनुसंधान: शोधकर्त्ताओं की भूमिका, जिम्मेदारियां एवं दृष्टिकोण विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी.एच. ने रिसर्च प्रकाशन व अनुसंधान परिणामों को प्रभावी ढंग से संवाद करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, नरेश कुमार और डॉ. विनीता मलिक ने भी पैनल चर्चा के विषय पर अपने विचार सांझा किए।

मनोविज्ञान विभाग से मंजू फोगाट, अंग्रेजी विभाग से महानंदा बिस्वास, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग से भावेश, मनोविज्ञान विभाग से दीपक कुमार ने पैनलिस्ट के रूप में प्रतिभागिता की और अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की विवरणिका का विमोचन

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) द्वारा 20 से 24 नवंबर के बीच आयोजित होने जा रही अंतरराष्ट्रीय शोध लेखन व प्रकाशन कार्यशाला की विवरणिका का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ के द्वारा आयोजित कार्यशाला के माध्यम से शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जर्नल्स के प्रमुख संपादकों से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से शोध लेखन व प्रकाशन की बारीकियों को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला के निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ द्वारा 2022 में शुरू हुई

विवरणिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

कार्यशाला के कड़ी में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला में प्रो. रेबेका हैमिल्टन, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च; प्रो. गिआमपोलो विग्लिया, पोर्टूसमाउथ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, मनोविज्ञान और विपणन; प्रो. अरविंद रंगास्वामी, पीन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ इंटरएक्टिव मार्केटिंग; प्रो. क्लियोपेट्रा वेलौट्सौ, ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम; प्रो. बाबू मारियाडोस, टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी और ईआईसी, मार्केटिंग इंटेलिजेंस एंड प्लानिंग; प्रो. जस्टिन पॉल, प्योरटो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए और ईआईसी, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंज्यूमर स्टडीज; प्रो. गैरी कैंपबेल, मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, संसाधन नीति; प्रो. पी के कन्नन, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और एसोसिएट एडिटर आदि विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

हकेंवि में बीटेक के लिए बीआर चौधरी स्वर्ण पदक की शुरुआत

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में उपलब्ध बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों को उनकी प्रतियोगिता के आधार पर हर साल पुरस्कृत किया जाएगा।

यह शुरुआत विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत जुड़े ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) के द्वारा की गई है। इसके परिणाम स्वरूप हर साल एक प्रतियोगिता के आधार पर विजेता को स्वर्ण पदक व पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ओपीए की ओर से यह स्वर्ण पदक ऑफसैट प्रिंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बीआर चौधरी को समर्पित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह प्रयास विद्यार्थियों को विषय की गंभीरता को समझाने और उसको इंस्डस्ट्री की मांग के अनुरूप तैयार करने में मददगार होगा।

ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि एक शिक्षक जिन्होंने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र को नए आयाम प्रदान किए और अपना जीवन इस क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित किया। उनके सम्मान में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पुरस्कार शुरू किया जा रहा है। वर्ल्ड प्रिंट एंड कम्यूनिकेशन फोरम के अध्यक्ष प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने कहा कि प्रिंटिंग मानव कल्याण हेतु एक उल्लेखनीय खोज है और जिस तरह से इस इंडस्ट्री का विकास हो रहा है, उसे देखते हुए आवश्यक है कि ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहें। हकेंवि जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने हेतु यह शुरुआत उल्लेखनीय है। संवाद

हकेवि में बी.टेक के विद्यार्थियों के लिए बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल की हुई शुरुआत

महेंद्रगढ़ | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में उपलब्ध बी.टेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों को उनकी प्रतियोगिता के आधार पर हर साल पुरस्कृत किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत जुड़े ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) द्वारा की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप हर साल एक प्रतियोगिता के आधार पर विजेता को गोल्ड मेडल व 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

ओपीए की ओर से यह गोल्ड मेडल ऑफसेट प्रिंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बी.आर. चौधरी को समर्पित किया गया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ओपीए द्वारा बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अवश्य ही यह प्रयास विद्यार्थियों को विषय की गंभीरता को समझाने और उसको इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप तैयार करने में मददगार होगा। ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि एक शिक्षक जिन्होंने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र को नए आयाम प्रदान किए और अपना जीवन इस क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित किया, उनके सम्मान में हकेंवि जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पुरस्कार शुरू किया जा रहा है। वर्ल्ड प्रिंट एंड कम्यूनिकेशन फोरम के अध्यक्ष प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने कहा कि प्रिंटिंग मानव कल्याण को एक उल्लेखनीय खोज है और जिस तरह से इस इंडस्ट्री का विकास हो रहा है, उसे देखते हुए आवश्यक है कि ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहे। विवि में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि इस वार्षिक पुरस्कार के अंतर्गत एक प्रतियोगिता प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए होगी जिसमें विजेता विद्यार्थी को बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल व नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

हकेंवि कुलपति ने विवरणिका का किया विमोचन

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ द्वारा आगामी 20 से 24 नवंबर के बीच आयोजित होने जा रही अंतरराष्ट्रीय शोध लेखन एवं प्रकाशन कार्यशाला की विवरणिका का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा विमोचन किया गया। व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जर्नल्स के प्रमुख संपादकों से रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से शोध लेखन व प्रकाशन की बारिकियों को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला के निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ द्वारा 2022 में शुरू हुई कार्यशाला के कड़ी में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में कार्यशाला की विवरणिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर • सौ. विवि प्रवक्ता

कार्यशाला के संयोजक डा. अजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला में प्रो. रेबेका हैमिल्टन, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, प्रो. गिआमपोलो विग्लिया, पोट्र्समाउथ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, मनोविज्ञान और विपणन, प्रो. अरविंद रंगास्वामी, पीन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल आफ इंटरएक्टिव मार्केटिंग, प्रो. क्लियोपेट्रा वेलौट्सौ, ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम, प्रो. बाबू मारियाडोस, टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी और ईआईसी, मार्केटिंग इंटेलिजेंस एंड प्लानिंग, प्रो. जस्टिन पाल, प्योरटो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए और ईआईसी, इंटरनेशनल जर्नल आफ कंज्यूमर स्टडीज, प्रो. गैरी कैंपबेल, मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, संसाधन नीति, प्रो. पीके कन्नन, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और एसोसिएट एडिटर, जर्नल आफ मार्केटिंग, प्रो. गोपाल दास, भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर और एसोसिएट एडिटर, यूरोपियन जर्नल आफ मार्केटिंग विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कार्यशाला के आयोजन सचिव डा. सुमन व अन्य मौजूद रहे।

हकेवि में बीटेक के विद्यार्थियों के लिए बीआर चौधरी गोल्ड मेडल की हुई शुरुआत

प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता के आधार पर होगा चयन

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों को उनकी प्रतियोगिता के आधार पर हर साल पुरस्कृत किया जाएगा। यह शुरुआत विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत जुड़े आफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) के द्वारा की गई है। जिसके परिणाम स्वरूप हर साल एक प्रतियोगिता के आधार पर विजेता को गोल्ड मेडल व पच्चीस हजार रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। ओपीए की ओर से यह गोल्ड मेडल आफसैट प्रिंटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बीआर चौधरी को समर्पित किया गया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने ओपीए द्वारा बीआर चौधरी गोल्ड मेडल की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अवश्य ही यह प्रयास विद्यार्थियों को विषय की गंभीरता को समझाने और उसको इंस्डस्ट्री की मांग के अनुरूप तैयार करने में मददगार होगा।



कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ●

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ ● जागरण

आफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि एक शिक्षक जिन्होंने प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र को नए आयाम प्रदान किए और अपना जीवन इस क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित किया, उनके सम्मान में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान पुरस्कार शुरु किया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ल्ड प्रिंट एंड कम्यूनिकेशन फोरम के अध्यक्ष प्रो. कमल मोहन चोपड़ा ने कहा कि प्रिंटिंग मानव कल्याण हेतु एक उल्लेखनीय खोज है और जिस तरह से इस इंडस्ट्री का विकास हो रहा है, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन देने हेतु यह शुरुआत उल्लेखनीय है। विश्वविद्यालय में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के प्रभारी संदीप बूरा ने बताया कि इस वार्षिक पुरस्कार के अंतर्गत एक प्रतियोगिता का आयोजन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी विभाग के विद्यार्थियों के लिए किया जाएगा।

वीसी ने कार्यशाला की विवरणिका का विमोचन

■ हकेंवि में अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 20 से 24 नवंबर के बीच आयोजित होने जा रही अंतर्राष्ट्रीय शोध लेखन एवं प्रकाशन कार्यशाला की विवरणिका का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया। व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से शोधार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जर्नल्स के प्रमुख संपादको से रुबरु होने का अवसर प्राप्त होगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर

महेंद्रगढ़। विवरणिका का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से शोध लेखन व प्रकाशन की बारिकियों को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेंगे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रही। निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ द्वारा 2022 में शुरू हुई कार्यशाला हो रही है। संयोजक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला में प्रो. रेबेका हैमिल्टन, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च; प्रो. गिआमपोलो विग्लिया, पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, मनोविज्ञान और विपणन; प्रो. अरविंद रंगास्वामी, पीन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ इंटरएक्टिव मार्केटिंग; प्रो. क्लियोपेट्रा वेलौट्सौ, ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम; प्रो. बाबू मारियाडोस, टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी और ईआईसी, मार्केटिंग इंटेलिजेंस एंड प्लानिंग; प्रो. जस्टिन पॉल, प्योरटो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए और ईआईसी, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंज्यूमर स्टडीज; प्रो. गैरी कैंपबेल, मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, संसाधन नीति मौजूद रहे।

हकेवि कुलपति ने किया अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की विवरणिका का विमोचन

ह्यूमन इंडिया/मनोज गोयल गुडियानिया

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ द्वारा आगामी 20 से 24 नवम्बर के बीच आयोजित होने जा रही अंतर्राष्ट्रीय शोध लेखन एवं प्रकाशन कार्यशाला की विवरणिका का कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विमोचन किया।

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला के माध्यम से शोधार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जर्नल्स के प्रमुख संपादको से रुबरु होने का अवसर प्राप्त होगा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से शोध लेखन व प्रकाशन की बारिकियों को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला के निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन पीठ द्वारा 2022 में शुरू हुई कार्यशाला के कड़ी में यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला में प्रो. रेबेका हैमिल्टन, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च; प्रो. गिआमपोलो विगलिया, पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, मनोविज्ञान और विपणन; प्रो. अरविंद रंगास्वामी, पीन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नल ऑफ इंटरएक्टिव मार्केटिंग; प्रो. क्लियोपेट्रा वेलौट्सौ, ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम; प्रो. बाबू मारियाडोस, टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी और ईआईसी, मार्केटिंग इंटेलिजेंस एंड प्लानिंग; प्रो. जस्टिन पॉल, प्योरटो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए और ईआईसी, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंज्यूमर स्टडीज; प्रो. गैरी कैंपबेल, मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, संसाधन नीति; प्रो. पी के कन्नन, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और एसोसिएट एडिटर, जर्नल ऑफ मार्केटिंग; प्रो. गोपाल दास, भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर और एसोसिएट एडिटर, यूरोपियन जर्नल ऑफ मार्केटिंग विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। विवरणिका विमोचन के अवसर पर कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. सुमन और डॉ. अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी में अपार संभावनाएं : नवीन कुमार

MAHENDERGARH : Open counseling is being organized on 31 August, 2023 for vacant seats in various Undergraduate (UG), Postgraduate (PG) and Integrated programs for the Academic Session 2023-24 at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor wished the students a bright future and said that the University is striving for the all-round development of the students as per the new National Education Policy. Dr. Phool Singh, the Nodal Officer, Common University Entrance Test (CUET)-2023 informed that open/physical counseling is being organized for admission to vacant seats available after counseling in various undergraduate, postgraduate and integrated programs in the University. He said that open counseling is being organized on August 31 for admission to undergraduate, integrated and postgraduate programmes. He said that it is mandatory for the students to appear in the concerned department of the University as per the given schedule for open counseling. He informed that the priority will be given to the candidates who have registered for admission in Central University of Haryana. Dr. Phool Singh said that the schedule of open counselling, details of vacant seats and other detailed information are available on the university's website. Students have to come for open counseling with their original documents.

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले का एक और अवसर

महेंद्रगढ़, 24 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.यू.ई.टी) 2023 के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में काउंसलिंग के बाद उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन/फिजिकल काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अगस्त को ओपन काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

'अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता जरूरी'

हकेंवि की वॉलीबाल टीम के सदस्य और आयोजक। स्रोत : विश्वविद्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं।

साथ ही आपसी मेलजोल को बढ़ाने में भी खेल की महत्तवपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के पहले दिन पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबाल मैच का आयोजन किया गया।

शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के शोधार्थियों ने मैच के दौरान स्थानापन्न कर्त्तव्यों का पालन किया। विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र पाल अहलावत ने मैच का औपचारिक उद्घाटन किया।

मैच में शैक्षणिक टीम की ओर से मौलिक विज्ञान पीठ के प्रो. विनोद कुमार, शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल, गणित विभाग के प्रो. फूल सिंह, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. एके यादव, डॉ. शाहजहां, शारीरिक शिक्षा विभाग से प्रो. जय प्रकाश भूकर, रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. हरीश कुमार, हिंदी विभाग के डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डॉ. विकास सिवाच ने तथा गैर शैक्षणिक टीम की ओर से एक्सईएन अमरजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, प्रदीप जाखड़, अमित श्योराण, दिनेश सिंह उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में शैक्षणिक टीम से 2-1 जीत दर्ज की।

एसएन बोस स्टेट लेवल विज्ञान स्पर्धा में हकेंवि की टीम प्रथम

महेंद्रगढ़। आरपीएस कॉलेज बलाना में विज्ञान आधारित एसएन बोस स्टेट लेवल विज्ञान प्रतियोगिता में आसपास के 13 महाविद्यालयों की प्रतिभाओं ने अपना जज्बा दिखाया। इस मौके पर केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली की टीम प्रथम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। विशिष्ट अतिथि कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कादयान ने की। अतिथियों का स्वागत कॉलेज डीन डॉ. यशपाल शर्मा ने किया।

कार्यक्रम संयोजक सोमबीर ने बताया कि इस विशेष राज्यस्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में जाने-माने 13 संस्थाओं के प्रतियोगियों ने शिरकत की। सबसे पहले सभी टीमों का स्क्रिनिंग हुआ, जिसमें टॉप 6 टीमों का चयन हुआ।

कार्यक्रम सह-संयोजक मंजीत कुमार ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली की टीम प्रथम, आरपीएस डिग्री कॉलेज की टीम द्वितीय व शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज नांगल चौधरी तृतीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान टीम बलराम, रोहित, गर्दिश को 2100 रुपये का पुरस्कार, द्वितीय टीम निखिल यादव, प्रियंका, प्रीति को 1500 रुपये व तृतीय स्थान टीम हितेष, चिराग, धीरज को 1100 रुपये के पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र के साथ पौधे भी भेंट किए गए। संवाद

वालीबॉल में शैक्षणिक टीम 2-1 से विजेता

महेंद्रगढ़| हकेंवि, महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं। मेलजोल बढ़ाने में भी खेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के शोधार्थियों ने मैच के दौरान स्थानापन्न कर्तव्यों का पालन किया। विवि की स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. रविंदर पाल अहलावत ने मैच का औपचारिक उद्घाटन किया। रोमांचक मुकाबले में शैक्षणिक टीम ने 2-1 जीत दर्ज की। इस मौके पर मौलिक विज्ञान पीठ के प्रो. विनोद कुमार, शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार व प्रो. दिनेश चहल, गणित विभाग के प्रो. फूल सिंह, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. ए.के. यादव आदि मौजूद रहे।

स्पर्धा में 13 महाविद्यालयों की प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया, केंविवि जाट पाली की टीम रही प्रथम

महेंद्रगढ़ | आरपीएस कॉलेज बलाना में विज्ञान आधारित एसएन बोस स्टेट लेवल विज्ञान प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में 13 महाविद्यालयों की प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। विशिष्ट अतिथि कॉलेज डॉयरेक्टर डॉ महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ देवेन्द्र यादव व कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रिंसिपल डॉ देवेन्द्र कादयान ने की तथा सभी अतिथियों का स्वागत कॉलेज डीन डॉ यशपाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजक सोमबीर ने बताया कि इस विशेष राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में 13 संस्थाओं के प्रतियोगियों ने शिरकत की। सबसे पहले सभी टीमों का स्क्रीनिंग हुआ। जिसमें टॉप 6 टीमों का चयन हुआ। इस क्विज प्रतियोगिता में 4 चरण रखे गए। कार्यक्रम सह-संयोजक मंजीत कुमार ने बताया कि प्रत्येक चरण में टीमें आगे-पीछे होती रहीं, अंत में केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली की टीम प्रथम, आरपीएस डिग्री कॉलेज की टीम द्वितीय व शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज नांगल चौधरी तृतीय स्थान पर रही। प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम बलराम, रोहित, गर्दिश को 2100 रुपए का नकद पुरस्कार, द्वितीय टीम निखिल यादव, प्रियंका व प्रीति को 1500 रुपए व तृतीय स्थान टीम हितेष, चिराग, धीरज को 1100 रुपए के नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र के साथ पौधे भी भेंट किए गए।

वालीबाल में शैक्षणिक वर्ग की टीम ने बाजी मारी

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं।

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के पहले दिन पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वालीबाल मैच हुआ। विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र पाल अहलावत ने मैच का उद्घाटन किया। मैच में शैक्षणिक टीम की ओर से मौलिक विज्ञान पीठ के प्रो. विनोद, शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार व प्रो. दिनेश चहल, गणित विभाग के प्रो. फूल सिंह, प्रो. राजेश गुप्ता, प्रो. एके यादव व डा. शाहजहां शारीरिक शिक्षा विभाग से प्रो. जय प्रकाश भूकर, रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. हरीश कुमार, हिंदी विभाग के डा. सिद्धार्थ शंकर राय, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डा. विकास सिवाच ने तथा गैर शैक्षणिक टीम की ओर से एक्सईएन अमरजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह, नरेश, संजीव कुमार, प्रदीप जाखड, अमित श्योराण, दिनेश सिंह चौहान, रामवीर गुर्जर, संदीप डागर आदि उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में शैक्षणिक टीम ने 2-1 जीत दर्ज की।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में में आयोजित वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करते प्रतिभागी ● सौ. प्रवक्ता

जिला स्तरीय कराटे और ताइक्वांडो प्रतियोगिता आज

जासं, नारनौल: जिला सतरीय तीन दिवसीय कराटे व ताइक्वांडो खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगरा में 26 अगस्त से प्रारंभ होगी। स्कूल के प्राचार्य यशपाल यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता 29 अगस्त तक चलेगी। पहले यह प्रतियोगिता डीएवी पुलिस स्कूल नारनौल में आयोजित होनी थी। अब इस प्रतियोगिता का स्थान बदल कर तिगरा स्कूल में कर दिया गया। जिले के सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को अपने प्रशिक्षकों के साथ समय पर पहुंचने का आह्वान किया।

खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज

संवाद सहयोगी, कनीना: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करीरा में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 अगस्त को किया जाएगा। इसमें अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी विश्वेश्वर होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सुनीत दत्त यादव होंगे। कार्यक्रम में एइओ नारनौल रमेश यादव, सरपंच करीरा सपना यादव, प्राचार्य करीरा रामस्वरूप होंगे वहीं संयोजक राकेश कुमार होंगे। खेल संयोजक राकेश यादव ने बताया कि 26 अगस्त व 27 अगस्त को लड़कों की तथा 28 अगस्त एवं 29 अगस्त को लड़कियों की प्रतियोगिता होगी जिसमें कबड्डी, बालीवाल, खो-खो, कबड्डी, बास्केटबाल आदि का आयोजन किया जाएगा। खेल कूद प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग, अंडर-17 आयु वर्ग तथा अंडर 19 में आयोजित होंगी। खेलों के लिए खिलाडियों को स्कूल ध्वज के करीरा पहुंचना होगा।

हकेंवि में खेल प्रतियोगिता आयोजित

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजको को कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं। साथ ही आपसी मेलजोल को बढ़ाने में भी खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता करनी चाहिए। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के पहले दिन पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हकेंवि में करवाईं खेल प्रतियोगिताएं

महेंद्रगढ़, 25 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 21 से 29 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक विकास में मददगार साबित होते हैं, साथ ही आपसी मेलजोल को बढ़ाने में भी खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए हमें अध्ययन-अध्यापन के साथ खेलों में भी प्रतिभागिता करनी चाहिए।

विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग आयोजित इन प्रतियोगिताओं की शृंखला के पहले दिन शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के शोधार्थियों ने मैच के दौरान स्थानापन्न कर्त्तव्यों का पालन किया। विश्वविद्यालय की स्पोर्ट्स काऊंसिल के अध्यक्ष प्रो. रविंद्र पाल अहलावत ने मैच का औपचारिक उद्घाटन किया।

शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक वालीबॉल टीम के सदस्य एवं आयोजक।

मैच में शैक्षणिक टीम की ओर से मौलिक विज्ञान पीठ के प्रो. विनोद कुमार, शिक्षा पीठ के प्रो. प्रमोद कुमार व प्रो. दिनेश चहल, गणित विभाग के प्रो. फूल सिंह, प्रो. राजेश कुमार गुप्ता, प्रो. ए.के. यादव व डॉ. शाहजहां, शारीरिक शिक्षा विभाग से प्रो. जय प्रकाश भूकर, रसायन विज्ञान विभाग से प्रो. हरीश कुमार, हिंदी विभाग के डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के डॉ. विकास सिवाच ने तथा गैर शैक्षणिक टीम की ओर से एक्स.ई.एन. अमरजीत सिंह, शैलेंद्र सिंह, नरेश कुमार, संजीव कुमार, प्रदीप जाखड, अमित श्योराण, दिनेश सिंह चौहान, रामवीर गुर्जर, संदीप डागर आदि उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में शैक्षणिक टीम से 2-1 जीत दर्ज की।

'आने वाली पीढ़ियों के लिए साहित्य उपयोगी'

संवाद न्यूज एजेंसी

हकेंवि में लोगों को संबोधित करते स्वामी समर्पणानंद। स्रोत : विश्वविद्यालय

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में 28 अगस्त से 2 सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

विवि की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानंद ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की तथा संस्कृत ग्रंथों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढ़ने के लिए विशेष आग्रह किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुंबकम् की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचैली ने संस्कृत संभाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस संबंध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया ।

संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की

हकेवि में संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ पर संबोधित करते स्वामी समर्पणानन्द।

महेंद्रगढ़ | हकेवि में संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

स्वामी समर्पणानन्द ने संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की तथा संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढ़ने का विशेष आग्रह किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने संस्कृत सम्भाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस सम्बन्ध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन रानी ने बताया कि 2 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुई संस्कृत सप्ताह की शुरूआत

महेन्द्रगढ़। चेतना संवाददाता।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 28 अगस्त से 2 सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को

संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएँ देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानन्द जी ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की तथा संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढने के लिए विशेष आग्रह किया। इसके पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख श्री अशोक बुचौली ने संस्कृत सम्भाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस सम्बन्ध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया ।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन रानी ने बताया कि 2 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की छात्रा भूमिका राजपुरोहित एवं शिक्षिका अर्चना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के छात्रों रेखा, रितु, तन्नू, सपना, दीपक, नयानिका, पूजा, रितिका एवं हिमांशा ने शास्त्रीय नृत्य व गीत-गायन आदि प्रस्तुतियां दी।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह शुरू

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में 28 अगस्त से दो सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. प्रवक्ता

संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते स्वामी समर्पणानंद ● सौ. प्रवक्ता

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानंद ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परीलक्षित की तथा संस्कृत ग्रन्थों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्त्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढ़ने के लिए विशेष आग्रह किया।

इसके पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डा. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख श्री अशोक बुचौली ने संस्कृत संभाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस संबंध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया।

कार्यक्रम की संयोजिका डा. सुमन रानी ने बताया कि दो सितंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की छात्रा भूमिका राजपुरोहित एवं शिक्षिका अर्चना द्वारा किया गया।

हकेंवि में संस्कृत सप्ताह शुरू

महेंद्रगढ़, 28 अगस्त (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में 28 अगस्त से 2 सितंबर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएँ देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानन्द मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वामी समर्पणानन्द जी ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाया। इसके पश्चात् कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना को समझाया। तत्पश्चात सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने संस्कृत सम्भाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन रानी ने बताया कि 2 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की छात्रा भूमिका राजपुरोहित एवं शिक्षिका अर्चना द्वारा किया गया।

दैनिक ट्रिब्यून Tue, 29 August 2023
https://epaper.dainiktribun

संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञानवर्धकः प्रो. टंकेश्वर

■ हकेंवि में संस्कृत सप्ताह की हुई शुरूआत

महेंद्रगढ़, 28 अगस्त (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में 28 अगस्त से 2 सितम्बर तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा सोमवार को संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु विभाग को शुभकामनाएं देते हुए संस्कृत भाषा में निहित विपुल वैज्ञानिक साहित्य को आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु समस्त विभाग को संदेश के माध्यम से शुभकामनाएं देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्वामी समर्पणानन्द मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि स्वामी समर्पणानन्द ने अपने वक्तव्य में संस्कृत भाषा से होने वाले लाभों से अवगत करवाते हुए संस्कृत व्याकरण की वैज्ञानिकता परिलक्षित की तथा संस्कृत ग्रंथों में प्राप्त आचरण-शिक्षा का महत्व बताते हुए श्रोताओं को संस्कृत पढ़ने के लिए विशेष आग्रह किया।

हकेंवि में संस्कृत सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित करते स्वामी समर्पणानन्द।

गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को करवाया अवगत

इसके पश्चात कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना को समझाते हुए वर्तमान में गीता व आयुर्वेद की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। तत्पश्चात् सारस्वत अतिथि संस्कृत भारती के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख अशोक बुचौली ने संस्कृत सम्भाषण के लिए सभी को प्रोत्साहित किया एवं इस सम्बन्ध में होने वाले आयोजनों से भी अवगत करवाया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन रानी ने बताया कि 2 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग की छात्रा भूमिका राजपुरोहित एवं शिक्षिका अर्चना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के छात्रों रेखा, रितु, तन्नू, सपना, दीपक, नयानिका, पूजा, रितिका एवं हिमांशा ने शास्त्रीय नृत्य व गीत-गायन आदि प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुमन रानी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : टंकेश्वर

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में मंगलवार को युवा संवाद भारत एक्ट 2047 विषय पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन किया गया। बीएमडी फाउंडेशन नेहरू युवा केंद्र नारनौल व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार रहे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और आजादी के अमृतकाल की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा पीढ़ी को विशेष प्रयास करने होंगे। भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो इस सपने को साकार करने के लिए युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ना होगा। संवाद

गुणवत्तापूर्ण शोध के लिए उत्तर भारत के छह शिक्षण संस्थान एकजुट

बैठक में प्रतिभागिता करते हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत: हकेंवि

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए आईआईटी, रोपड़, पंजाब केंद्रीय विवि, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि, राजस्थान केंद्रीय विवि , जम्मू केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दिल्ली में शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में हुए समझौता ज्ञापन के तहत एकजुट हुए इन संस्थानों ने जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया है।

इसके लिए सभी सहयोगी संस्थानों के बीच पहली बैठक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा में सम्पन्न हुई। इसमें हकेंवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इसके माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शोध कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में सभी संस्थानों के शिक्षकों को विशेष रूप से इस सांझेदारी के उद्देश्यों से अवगत कराने पर जोर दिया।

बीएमडी फाउंडेशन नेहरू युवा केंद्र नारनौल व हकेवि के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

'आज जिस तरह की संभावनाएं देश में उपलब्ध हैं वो भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए बेहद उपयोगी'

महेंद्रगढ़ | हकेवि में मंगलवार युवा संवादः भारत एट 2047 विषय पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन किया गया। बीएमडी फाउंडेशन नेहरू युवा केंद्र नारनौल व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, मुख्य वक्ता मुकेश वशिष्ठ, मीडिया कॉर्डिनेटर, मुख्यमंत्री हरियाणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार सैनी सम्मिलित हुए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। आयोजन में सम्मिलित विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्त्वपूर्ण है और आजादी के अमृतकाल की परिकल्पना को साकार करने हेतु युवा पीढ़ी को विशेष प्रयास करने होंगे। कुलपति ने कहा कि भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो इस सपने को साकार करने के लिए युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ना होगा।

मुख्य वक्ता मुकेश वशिष्ठ ने युवा पीढ़ी और उसके समक्ष चुनौतियों व अवसरों का उल्लेख करते हुए विस्तार से भारत निर्माण में उनके

सेमिनार को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

योगदान की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह की संभावनाएं देश में उपलब्ध हैं वह भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाने हेतु बेहद उपयोगी हैं। युवा पीढ़ी इन संभावनाओं को अधिकतम उपयोग कर भारत के विकास में योगदान दें। विशिष्ट अतिथि राजकुमार सैनी, नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। आयोजन में बीएमडी फाउंडेशन के लक्की सीगड़ा, इंद्रजीत शर्मा व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में मंच का संचालन डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन इंद्रजीत शर्मा ने प्रस्तुत किया।

नए भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका: कुलपति

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को युवा संवाद- भारत एट 2047 विषय पर केंद्रित सेमिनार का आयोजन किया गया। बीएमडी फाउंडेशन नेहरु युवा केंद्र नारनौल व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश वशिष्ठ मीडिया कोर्डिनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा व विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकुमार सैनी सम्मिलित हुए।

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। इसके पश्चात छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने विषय परिचय प्रस्तुत करते हुए मुख्यातिथि व मुख्य वक्ता का स्वागत किया और उनके प्रति आभार जताया। आयोजन में सम्मिलित विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि नए भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और आजादी के अमृत काल की परिकल्पना को साकार करने हेतु युवा पीढ़ी को विशेष प्रयास करने होंगे।

हकेवि में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ● सौ. प्रवक्ता

भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो इस सपने को साकार करने के लिए युवाओं को सही दिशा में आगे बढ़ना होगा। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने जिस तरह से वैक्सीन निर्माण का कार्य किया वह दर्शाता है कि हम सही राह पर अग्रसर है। चंद्रयान-3 की सफलता ने समूचे विश्व के समक्ष भारत के इरादों को जाहिर किया है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मुकेश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में युवा पीढ़ी और उसके समक्ष चुनौतियों व अवसरों का उल्लेख करते हुए विस्तार से भारत निर्माण में उनके योगदान की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह की संभावनाएं देश में उपलब्ध हैं वह भारत को विश्व पटल पर पहचान दिलाने हेतु बेहद उपयोगी हैं। युवा पीढ़ी इन संभावनाओं को अधिकतम उपयोग कर भारत के विकास में योगदान दें। आयोजन में विशिष्ट अतिथि राजकुमार सैनी, नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्रेष्ठ भारत के निर्माण हेतु उन्हें जागरूक किया। आयोजन में बीएमडी फाउंडेशन के लक्की सिगड़ा, इंद्रजीत शर्मा व विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील की भी उपस्थिति रही।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में फिजिकल काउंसिलिंग आज

स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए होगी काउंसिलिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन फिजिकल काउंसिलिंग का आयोजन 31 अगस्त को होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के नोडल

हकेंवि महेंद्रगढ़ । स्रोत : हकेंवि

ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में काउंसलिंग के बाद उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन फिजिकल काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसिलिंग का शेड्यूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों व एक सेट प्रतिलिपि के साथ ओपन काउंसिलिंग के लिए आना है।

पोषक अनाज के प्रति जागरूकता का आह्वान

हकेंवि में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और मैराथन रैली का आयोजन

प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ कुलपति। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत कार्यक्रमों की शृंखला में पोस्टर बनाने प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और मानव स्वास्थ्य में पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाई

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पोषक अनाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अवश्य ही मददगार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। इसके तहत पोषक अनाज के प्रति जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में खेल सप्ताह का समापन

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चले आयोजन का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, दौड़, बैडमिंटन, वालीबॉल, रस्साकशी व दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों व बच्चों ने भी उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। समापन समारोह में अर्जुन पुरस्कार विजेता राजकुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। संवाद

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओपन/फिजिकल काउंसिलिंग आज

स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए होगी काउंसिलिंग

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेवि में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन/फिजिकल काउंसिलिंग का आयोजन आज 31 अगस्त को किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सकेगा। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में काउंसलिंग के बाद उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन/फिजिकल काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अगस्त को ओपन काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। ओपन काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शैड्यूल के अनुसार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शैड्यूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तावेजों व एक सेट प्रतिलिपि के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

सीड एग्जाम के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

भिवानी | सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन ने सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा फॉर डिजाइन एग्जाम की डेट जारी कर दी है। बीडीएस एंट्रेंस एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस ऑफिशियल वेबसाइट sid.edu.in पर जारी किया गया है। शेड्यूल के अनुसार सात जनवरी को सीड परीक्षा होगी। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख को 10 दिन बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। आवेदन के लिए सीड की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं। होम पेज पर बीडीईएस रजिस्ट्रेशन शुरू लिंक पर जाएं। इसके बाद न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक कर डिटेल दर्ज कर दें। बीडीईएस आईडी व पासवर्ड जनरेट करें और लॉगइन करें। प्रक्रिया में आगे बढ़ते हुए सीड 2024 आवेदन पत्र दिखाई देगा। अंत में सभी डिटेल्स दर्ज करके फार्म सबमिट कर दें।

जानिए ये भी: एजुकेशनल क्वालि फिकेशन में 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है। सरकार द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा में 50% और एससी, एसटी के लिए 45% मार्क्स जरूरी हैं। एप्लीकेशन फीस के रूप में 1,700 रुपये राशि जमा करवानी होगी।

हकेवि में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता के लिए हुआ कार्यक्रम

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि में पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और मानव स्वास्थ्य में पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पोषक अनाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अवश्य ही मददगार होंगे। इस अवसर पर प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में खेल सप्ताह का हुआ समापन

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में इंवेट रस्साकसी, बैडमिंटन, वालीबॉल और दौड़ में दिखाया जज्बा, जीते पुरस्कार

रस्साकसी में हाथ आजमाती विश्वविद्यालय की छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

विजेता बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि अर्जुन अवॉर्डी राजकुमार।

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेवि, में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चले आयोजन का बुधवार को समापन हो गया। विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान, बैडमिंटन, वालीबॉल, रस्साकसी व दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ उनके अभिभावकों व बच्चों ने भी

उत्साह के साथ प्रतिभागिता की।

समापन समारोह में अर्जुन पुरस्कार विजेता राजकुमार सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की। विश्वविद्यालय कुलपति ने सप्ताह भर चले इस आयोजन के लिए विभाग को बधाई देते हुए कहा कि खेलों को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार सांगवान ने खेलों के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए उन्हें खेलों में भविष्य तलाशने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस अवसर पर सप्ताह भर चली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. स्वाति चौधरी व दीपक ने किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

हकेंवि में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग आज

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन फिजकल काउंसलिंग का आयोजन 31 अगस्त को किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ओपन काउंसलिंग के माध्यम से अधिक अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिल सकेगा।

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 के नोडल आफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ ● जागरण

काउंसलिंग के बाद उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन/फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक, इंटीग्रेटेड व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अगस्त को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेडयूल के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डा. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शिडयूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों व एक सेट प्रतिलिपि के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया : प्रो. टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और मानव स्वास्थ्य में पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पोषक अनाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अवश्य ही मददगार होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया है। इससे मोटे अनाज के उत्पादन को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। इसके तहत हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों व कर्मचारियों में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता हेतु पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओपन/फिजिकल काउंसलिंग आज

महेंद्रगढ़ (हप्र) : हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन/फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन आज 31 अगस्त किया जा रहा है। सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के नोडल ऑफिसर प्रो. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों व एक सेट प्रतिलिपि के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

पोषक अनाज के प्रति किया जागरूक

महेंद्रगढ़, 30 अगस्त (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में पोषण जीव विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने रैली को रवाना किया और मानव स्वास्थ्य में पोषक अनाज के योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन पोषक अनाज के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अवश्य ही मददगार होंगे। विश्वविद्यालय में पोषक अनाज के प्रति जागरूकता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व मैराथन रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रो. नीलम सांगवान सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।